जवाहर नवोदय विद्यालय, पालक्काड , केरल

हिन्दी पखवाड़ा समारोह 2022 (14-9-2022 से 29-9-2022 तक)

HINDI FORTNIGHT CELEBRATIONS 2022

प्रतिवेदन /REPORT

दो वर्ष के कोविड-कालीन अंतराल के बाद , विद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा समारोह अत्यंत उत्साह एवं जोश के साथ मनाया गया। चालू वर्ष के हिन्दी पखवाड़ा आयोजित करने के लिए, सर्वप्रथम प्राचार्य की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई । इसमें राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से भाग लिये और समारोह के आयोजित करने के संबंध में लंबी चर्चा के बाद एक रूप रेखा तैयार की गई , जिसके अनुसार प्रस्तुत वर्ष में हिन्दी पखवाड़ा समारोह मनाया गया।

हिन्दी पखवाड़ा का समारंभ हिन्दी दिवस सितंबर 14 के साथ शुरू हुआ। प्राचार्य श्रीमती सी. वी.प्रमीला ने दीप प्रज्ज्वलित करके इस का श्रीगणेश किया। इस अवसर पर श्री शिवदासन एरत (स्नातकोत्तर हिन्दी शिक्षक) ने हिन्दी पखवाड़ा समारोह, हिन्दी दिवस आदि के संबंध में सविस्तार जानकारी दी। श्री॰रामदास (टी जी टी हिन्दी), श्रीमती षीबा रवीन्द्रन (टी जी टी हिन्दी) आदि ने उद्घाटन समारोह पर अपनी अपनी भूमिका निभाई।

चालू वर्ष में प्रात:कालीन सभा कार्यक्रम ,सदन-स्तर पर प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया। अरावली , नीलगिरी, शिवालिक व उदयागिरी सदनों के विद्यार्थियों ने दो-दो दिन, हिन्दी में ही विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए , जो ज्ञानवर्धक , मनोरंजक एवं प्रभावशाली रहे।

हिंदी पखवाड़े के दौरान हिंदी में कनिष्ठ व वरिष्ठ , दो स्तरों पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया , यथा - सुलेख , श्रुतलेख, निबंध लेखन, गीत गायन, कविता रचना , भाषण आदि। मातृ भाषा -भाषी प्रवासी विद्यार्थियों के लिए भी खास प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

पखवाड़े के दौरान विद्यालय के सूचना पट पर , विशेष तकनीकी शब्दों की तालिका प्रदर्शित की गई।

प्रात:कालीन सभा के संपूर्ण कार्यक्रम सिर्फ हिंदी में ही प्रस्तुत किए गए। यद्यपि विद्यालय में हिंदी पखवाड़े के दौरान , क्लस्टर स्तर पर कला उत्सव का आयोजन भी चल रहा था , फिर भी बिना बाधा के हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया जिसमें सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक -गैर शिक्षक गण सक्रिय रूप से भाग लिए।

पखवाड़े के दौरान विद्यालय के कर्मचारियों के लिए राजभाषा कौशल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया | इसमें प्रशासनिक शब्दावली, सुलेख, शुद्ध वर्तनी , अँग्रेजी-हिंदी अनुवाद आदि से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे | इस के परिणाम में श्रीमती॰सी॰वी॰ प्रमीला (प्राचार्य) एवं श्रीमती रजनी (स्टाफ नर्स) ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की | श्रीमती रोसन जेकब (पी जी टी भौतिकी) ने द्वितीय और श्री रामचंद्रन चाक्यार (टी जी टी मलयालम) व श्रीमती वत्सला कुमारी (जे एस ए) ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की |

हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह 30 सितंबर को संपन्न हुआ | इसमें श्री श्रीजित के.पी. (अधीक्षक , ज़िला कारागार , पालकाड) मुख्यातिथि रहे | उनके साथ इंस्पेक्टर श्री अप्पुक्कुट्टी भी उपस्थित रहे | प्राचार्य श्रीमती.सी.वी.प्रमीला , उप-प्राचार्य श्रीमती क्रिस्टीना , सभी शिक्षक , गैर शिक्षक एवं विद्यार्थी गण भाग लिए |

समापन समारोह में सर्वप्रथम, विद्यालय गान-मंडली ने प्रार्थना गीत गाये | प्राचार्य ने स्वागत भाषण दिये | इसके उपरांत मुख्यातिथि ने विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए | कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिये गए | सहभागिता प्रमाण पत्र भी दिये गए |समापन कार्यक्रम में मुख्यातिथि के अलावा श्री॰जेम्स (पी.जी.टी वाणिज्य) ने हिंदी भाषा की महत्ता , हिंदी पखवाड़ा आदि के बारे में सविस्तार जानकारी दी और विद्यार्थियों से हिंदी सीखने का आह्वान किया | श्री शिवदासन एरत (पी.जी.टी.हिंदी) ने कृतज्ञता ज्ञापित की | इसके साथ चालू वर्ष का हिंदी पखवाड़ा समारोह, समिति के दिशा निर्देशानुसार विद्यालय में मनाया गया |

सी.वी.प्रमीला
(प्राचार्य व अध्यक्ष
राजभाषा कार्यान्वयन समिति

दिनांक : 01-10-2022